THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI): (a) Cases of crime on Railways are reported to, registered and investigated by the State Government agencies including Government Railway Police, which functions under the control of State Governments. Information regarding crimes on Railways Zonewise is not compiled by the Central agencies.

(b) Government Railway Police provides escorts on Fast/Superfast, Mail/Express trains according to local conditions and requirements. Railway Protection Force also assists Government Railway Police in this task as necessary.

Appointment of non-official directors in Banks

1601. DR. BAPU KALDATE: Will the Minister of FINANCE be pleased to refer to the answer to Starred Question 107 given in the Rajya Sabha on the 1st March, 1988 and state:

(a) whether the selection of Directors to be appointed in the nationalised banks (non-official) has been completed;

(b) if so, when the work was completed and what are the details thereof; and

(c) what are the names of the non-official Directors and the names of the banks for which they have been appointed?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF ECONOMIC AFFAIRS IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) to (c) Selection of persons for appointment as non-official directors on the Boards of Directors of Nationalised Banks has not yet been completed.

अमरीका द्वारा कतिपय श्रेणियों के सूती धागे के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया जाना

1602. **श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संयुक्त राज्य अमरीका ने हाल में भारत से अधिक निर्यात के कारण डक फैब्रिक्स केटेगरी 219 और कांटन यार्न केटेगरी 300 और 301 के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और क्या इन वस्तुओं के बढ़ते हुये निर्यात को ध्यान में रखते हुये, सरकार ने अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में इन वस्तुओं की खपत की संभावनाओं का पता लगाया है ; और

(ग) क्या अमेरिकन अधिकारियों से भी इस प्रतिबंध को हटाने के लिये आग्रह किया गया है ; और यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) से (ग) संयुक्त राज्य अमरीका की सरकार ने भारत--अमरीकी द्विपक्षीय वस्त्र करार के अंतर्गत हमारी 219 डक फैब्रिक्स श्रेणी तथा 300/301 सूती यार्न श्रेणी के निर्यात को नियंत्रित करने की दृष्टि से परामर्श के लिए आह्वान किया था । भारत सरकार और संयुक्त राज्य अमरीका सरकार के बीच 6 और 7 मई, 1988 को नई दिल्ली में परामर्श किया गया । इन परामर्श के दौरान इन श्रेणियों के लिए संतोषजनक स्तरों पर सहमति हो गई ।

सूती वस्त्र के उत्पादों के मूल्यों में कमी

1603. **श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी :**
श्री शरीद मसूद :

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि नादर्न इंडिया काटन टेक्सटाइल मिल्स एसोसियेशन से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है कि बजट में घोषित शुल्क राहत का आर्थिक लाभ आम उपभोक्ता तक पहुंचाया जाये ;

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त एसोसिएशन ने इस संबंध में किये गये अनुरोध के पश्चात अपने सूती वस्त्र उत्पादों के मूल्यों में कमी की है ;